Answer key

Class XII

Accountancy

Part A: Accounting for partnership firms and companies

भाग अ : साझेदारी और कम्पनियों के लिए लेखांकन

भाग अ : साझेदारी और कम्पनियों के लिए लेखांकन

Q1 असीमित (Unlimited)

Q2 (D) ब्याज नहीं दिया जाता Interest is not paid

Q3 (B)

Q4 ख्याति को एक अमूर्त संपत्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो किसी फर्म की प्रतिष्ठा और व्यावसायिक संबंधों के मौद्रिक मूल्य को दर्शाती है।

goodwill is defined as an **intangible asset** that represents the monetary value of a firm's reputation and business connections.

Q5 (B) 19 : 11 : 10

Q6 त्याग करने वाले साझेदार के पूंजी खाते में Sacrificing Partner's Capital

Q7 नाममात्र Nominal

Q8 (D) 3 : 2

Q9 सेवानिवृत्त साझेदार के पूंजी खाते में Retiring Partner's Capital account

Q10 (B) 5 : 6

Q11 6 % p.a.

Q12 (C) रोकड़ खाता (Cash Account)

Q13 स्वामी Owners

Q14 (A) व्यक्तिगत खाता Personal Account

Q15 लेनदार Creditors

Q16 B

Q17 Total Drawings for the year = ₹20,000 x 4 = ₹80000 2

Interest on Drawings = 80000 x 10/100 x 7.5/12 = ₹5000

Q18 साझेदारी, एक ठहराव का परिणाम है और वर्तमान ठहराव में किसी भी परिवर्तन से वर्तमान ठहराव का समापन हो जाता है और एक नया ठहराव शुरू हो जाता है। इसे साझेदारी का पुनर्गठन कहा जाता है। 2

Partnership is the result of an agreement; any change in the existing agreement leads to the termination of that agreement and the commencement of a new one. This is known as the reconstitution of the partnership.

Q19 साझेदारी फर्म के समापन की विधियाँ -

(A) न्यायलय के हस्तक्षेप के बिना

1. आपसी सहमति के द्वारा
2. अनिवार्य समापन
3. कुछ विशेष घटनाओं के घटित होने पर
4. सूचना द्वारा

(B) न्यायालय के आदेश के द्वारा 2

Methods of Dissolution of a Partnership Firm –

(A) Without the Intervention of the Court

1. By Mutual Consent

2. Compulsory Dissolution

3. On the Occurrence of Certain Specific Events

4. By Notice

(B) By Order of the Court

Q20

क्र. संख्या Sr. No.	अंतर का आधार Basis of difference	पूर्वाधिकार अंश Preference shares	समता अंश Equity share
1.	लाभांश की दर Rate of Dividend	पूर्वाधिकार अंशों पर लाभांश एक पूर्व निश्चित दर से दिया जाता है। Dividend on preference shares is paid at a pre-determined rate.	समता अंशों पर लाभांश की कोई दर निश्चित नहीं है| There is no fixed rate of dividend on equity shares.
2.	लाभांश प्राप्त करने का पूर्वाधिकार Preference regarding Dividend Receipt	इन्हें लाभांश समता अंशधारियों से पहले दिया जाता है। These shares receive dividends prior to equity shareholders.	इन्हें लाभांश भुगतान पूर्वाधिकार अंशधारियों के बाद मिलता है। These shares receive dividend payments after preference shareholders.

OR अथवा

अंश पूँजी के चार प्रकार - लिखिये

1. अधिकृत पूँजी
2. निर्गमित पूँजी
3. प्रार्थित एवं पूर्णतः चुकता पूँजी
4. प्रार्थित परन्तु पूर्णतः न चुकाई गई पूँजी

Four types of share capital – write

1. Authorized capital
2. Issued capital
3. Called up and fully paid up capital

4. Capital requested but not fully repaid

Q21 ऋणपत्र से आशय एक ऐसे प्रपत्र से है पर कम्पनी की सार्वमुद्रा अंकित होती है और ऋण का एक लिखित प्रमाण है।

A debenture refers to an instrument bearing the company's common seal, which serves as written proof of a debt.

OR

क्र. संख्या Sr. No.	अंतर का आधार Basis of difference	अंश	ऋणपत्र
1.	पूँजी अथवा ऋण Capital or Debt	एक अंश कम्पनी की पूँजी का हिस्सा होता है। अतः अंशधारी कम्पनी के स्वामी होते हैं। A share constitutes a part of the company's capital. Therefore, shareholders are the owners of the company.	एक ऋणपत्र कम्पनी के ऋण का हिस्सा होते है। अतः ऋणपत्र धारक कम्पनी के लेनदार होते हैं। A debenture constitutes a part of the company's debt. Therefore, debenture holders are the creditors of the company.
2.	लाभांश अथवा ब्याज Dividend or Interest	इन्हें, लाभों में से लाभांश दिया जाता है। They are paid dividends out of the profits.	इन्हें ब्याज दिया जाता है। They are paid interest.

Q22. Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) Rs.	Amount (Cr.) Rs.
1	. Bank A/c .... Dr To Z's Capital A/c To Premium for Goodwill A/c		78000	 66000 12000

	(The amount of Capital and Goodwill/Premium brought in Cash)			
2.	Premium for Goodwill A/c ....Dr To X's Capital A/c To Y's Capital A/c (Premium transferred to sacrificing partner's Capital A/c)		12000	 6000 6000

Working Notes:

Z = 1/4

X's Sacrifice = 1/4 x 1/2 = 1/8

Y's sacrifice = 1/4 x 1/2 = 1/8

X's new share = 2/3 - 1/8 = 13/24

Y's new share = 1/3 - 1/8 = 5/24

X:Y:Z = 13:5:6 3

Q23. Gaining Ratio

Gaining Ratio of T = 3/5 - 2/5 = 1/5

Gaining Ratio of U = 2/5 - 2/5 = 0

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) Rs.	Amount (Cr.) Rs.
1	T's Capital A/c ....Dr To S's Capital A/c		72000	 72000

OR

Gaining Ratio

A = 1/3 - 3/12 = 1/12

B = 1/3 - 4/12 = 0

C = 1/3 - 2/12 = 2/12

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) Rs.	Amount (Cr.) Rs.
1	A's Capital A/c Dr B's Capital A/c Dr To C's Capital A/c		50000 100000	 150000

Q24 Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) Rs.	Amount (Cr.) Rs.
(I)	Bank A/c ....Dr To 12% Debenture Application & Allotment A/c		200000	 200000
(II)	12% Debenture Application & Allotment A/c Dr. To 12% Debenture A/c		200000	 200000

OR

Journal Entries

Date	Particulars	L.F.	Amount (Dr.) Rs.	Amount (Cr.) Rs.
(I)	Bank A/c ....Dr To 12% Debenture Application & Allotment A/c		196000	 196000
(II)	12% Debenture Application & Allotment A/c Dr. Discount on Issue of Debentures A/c Dr. To 12% Debenture A/c		196000 4000	 200000

Q25.

1. Revaluation Account / पुनर्मूल्यांकन खाता

Dr. Revaluation A/c Cr.

Particulars	Amount (Rs.)	Particulars	Amount (Rs.)
To Provision on Stock	5,000	By Building A/c	20,000
To Profit transferred to: X's Capital A/c 7,500			

Y's Capital A/c 4,500 Z's Capital A/c 3,000	15,000		
	20,000		20,000

Partners' Capital Accounts / साझेदारों के पूँजी खाते

Dr. Partners' Capital A/c Cr.

Particulars	X	Y	Z	Particulars	X	Y	Z
To Y's Capital A/c - Goodwill	19,286		7,714	By Balance b/d	1,00,000	80,000	60,000
To Y's Loan A/c		1,11,500		By Revaluation A/c - Profit	7,500	4,500	3,000
To Balance c/d	88,214		55,286	By X's Capital A/c - Goodwill		19,286	
				By Z's Capital A/c - Goodwill		7,714	
	1,07,500	1,11,500	63,000		1,07,500	1,11,500	63,000

Working: Stock 50,000 का 10% = 5,000

Net Profit = 20,000 - 5,000 = 15,000, जो 5:3:2 मे बाँटा

OR

एक साझेदार की सेवानिवृत्ति पर संपत्तियों और दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन क्यों किया जाता है?

सेवानिवृत्ति के समय पुनर्मूल्यांकन इसलिए किया जाता है ताकि:

1. सेवानिवृत्त साझेदार को उचित हिस्सा मिले*: संपत्तियों के मूल्य में वृद्धि या कमी का लाभ/हानि उसके रहने तक का है, तो उसका हिस्सा उसे मिलना चाहिए।

2. पुराने लाभ-हानि का निपटारा हो जाए*: बिना पुनर्मूल्यांकन के, पुराने मूल्यों पर होने वाला भविष्य का लाभ या हानि केवल बचे हुए साझेदारों को सहना पड़ेगा।

3. चिट्ठा सही मूल्यों पर बने*: सेवानिवृत्ति के बाद फर्म की किताबें चालू बाजार मूल्य पर हों, जिससे नई साझेदारी सही आधार पर शुरू हो।

पुनर्मूल्यांकन पर हुआ लाभ या हानि सभी साझेदारों में _पुराने लाभ विभाजन अनुपात_ में बांटा जाता है।

काल्पनिक आंकड़े लेकर पुनर्मूल्यांकन खाता तैयार करना : विद्यार्थी द्वारा अपने विवेक से उदहारण की सहायता से पुनर्मुल्यांकन खाता तैयार किया जाएगा |

Why are assets and liabilities revalued upon the retirement of a partner?

Revaluation is undertaken at the time of retirement so that:

1. The retiring partner receives their fair share*: Any gain or loss resulting from an increase or decrease in the value of assets—accrued during the period of their association with the firm—is rightfully due to them.

2. Past profits and losses are settled*: Without revaluation, any future profit or loss arising from the use of assets at their old book values would have to be borne solely by the remaining partners.

3. The Balance Sheet reflects accurate values*: Following the retirement, the firm's books of accounts reflect current market values, thereby ensuring that the new partnership commences on a sound and accurate foundation.

Any profit or loss arising from revaluation is distributed among all partners in their *old profit-sharing ratio*.

Preparation of a Revaluation Account using hypothetical figures: Students are expected to prepare a Revaluation Account using an illustrative example, exercising their own discretion.

Q26.

जर्नल प्रविष्टियाँ (Journal Entries)

Date	Particulars	L.F.	Dr. (₹)	Cr. (₹)
2022 April 15	Bank A/c ... Dr. To Share Application and Allotment A/c (Application money received on 92,000 shares @ ₹3 per share)		2,76,000	2,76,000
May 1	Share Application and Allotment A/c ... Dr. To Share Capital A/c (Transfer of application money @ ₹3 and allotment money due @ ₹2 on 60,000 shares)		3,00,000	3,00,000
May 1	Share Application and Allotment A/c ... Dr. To Bank A/c (Application money refunded on rejected applications : 2,000 shares @ ₹3)		6,000	6,000
May 1	Bank A/c ... Dr. To Share Application and Allotment A/c (Balance of allotment money received)		30,000	30,000
June 1	Share First and Final Call A/c ... Dr. To Share Capital A/c (First and Final Call due on 60,000 shares)		3,00,000	3,00,000
June 1	Bank A/c ... Dr. To Share First and Final Call A/c (First and final call money received)		3,00,000	3,00,000

OR

क्र. संख्या Sr. No.	अंतर का आधार Basis of difference	(Capital Reserve) आरक्षित पूँजी	(Reserve Capital) पूँजीगत संचय
1	अर्थ एवं निर्माण Meaning & Creation	यह न माँगी गई अंश पूँजी का वह भाग है जो समापन के अतिरिक्त अन्य किसी भी दशा में मँगाया नहीं जाएगा। It is that part of uncalled capital	यह ऐसा संचय है जो पूँजीगत लाभों जैसे स्थायी सम्पत्तियों के विक्रय से लाभ, स्थायी सम्पत्तियों के पुनर्मूल्यांकन से लाभ, अंशों एवं ऋणपत्रों के

		which cannot be called up except in the event of winding UP	निर्गमन पर प्राप्त प्रीमियम, ऋणपत्रों के शोधन पर लाभ आदि में से बनाया जाता है। यह लाभ सामान्य व्यावसायिक क्रियाओं से अर्जित लाभ नहीं है। It is a reserve created out of capital profits like profit on sale of fixed assets, profit on revaluation of fixed assets, premium received on issue of shares and debentures, profit on redemption of debentures, etc. This profit is not earned from normal business activities.
2	अनिवार्य Compulsory	इसका निर्माण करना अनिवार्य नहीं है। Its creation is not compulsory.	यदि पूँजीगत लाभ हों तो इसका निर्माण करना अनिवार्य है। If there are capital profits, its creation is compulsory.
3	प्रस्ताव Resolution	इसके निर्माण के लिए कम्पनी द्वारा प्रस्ताव पास किया जाना चाहिए। A special resolution must be passed by the company for its creation.	इसके निर्माण के लिए कोई प्रस्ताव पास करने की आवश्यकता नहीं होती है। No resolution is required for its creation.
4	प्राप्त हुआ अथवा नहीं Whether Received or Not	यह वह राशि है जो प्राप्त नहीं हुई है।	यह वह राशि है जो प्राप्त हो चुकी है।

		It is the amount which has not been received.	It is the amount which has already been received.
5	स्थिति विवरण में लेखा Presentation in Balance Sheet	इसे स्थिति विवरण में नहीं दिखाया जाता है। It is not shown in the Balance Sheet.	इसे स्थिति विवरण के समता एवं दायित्व पक्ष में “संचय तथा आधिक्य” शीर्षक के अन्तर्गत दिखाया जाता है। It is shown under the head “Reserves and Surplus” on the Equity and Liabilities side of Balance Sheet.
6	प्रयोग Utilization	इसका प्रयोग कम्पनी के समापन की दशा में ही किया जा सकता है। It can be used only in the event of winding up of the company.	इसका प्रयोग कम्पनी के जीवन काल में ही पूँजीगत हानियों को पूरा करने में अथवा बोनस अंशों के निर्गमन में किया जा सकता है। It can be used during the lifetime of the company to meet capital losses or for issue of bonus shares.

Part B - Analysis of Financial Statements

भाग ब - वित्तीय विवरणों का विश्लेषण

Q27 अल्पकालीन ऋण (Short term Borrowings) 1

Q28 (B) पब्लिक की जमा राशि Public Deposits 1

Q29. 2:1 1

Q30. (B) 2.3 : 1 1

Q31. वित्तीय क्रिया Financial Activity 1

Q32. 1. वित्तीय निर्णय लेने में सहायक

2. उधार देने का निर्णय लेने में सहायक 2

1. Aids in financial decision-making
2. Aids in lending decisions

Q33.

Trade Receivable Turnover Ratio = Credit Revenue from Operations / Average Trade Receivable

9 = ₹5,40,000 / Average Trade Receivables

Average Trade Receivables = ₹5,40,000 / 9 = ₹60,000

Opening Trade Receivables = ₹60,000 - 1/2 of ₹8,000

= ₹56,000

Closing Trade Receivables = ₹60,000 + 1/2 of ₹8,000

= ₹64,000 3

Q34

CALCULATION OF CASH FROM OPERATING ACTIVITIES

Particulars	Amount (₹)	Amount (₹)
Net Profit before tax (Note 1)		1,30,000
Add : Adjustments for non-cash and non-operating items :		
Depreciation	20,000	
Goodwill written off	7,000	27,000
Operating profit before working capital changes		1,57,000
Less : Gain on sale of Machinery		3,000
		1,54,000
Add : Increase in Current Liabilities :		
Trade Payables		10,000
Less : Increase in Current Assets :		1,64,000
Trade Receivables	6,000	
Prepaid Expenses	200	
Decrease in Current Liabilities :		
Outstanding Expenses	2,000	8,200
Net Cash Flow from Operating Activities		1,55,800

Note (1) Calculation of Net Profit before tax :

Profit made during the year: 1,00,000

Add : Transfer to General Reserve: 30,000

Net Profit before Tax: 1,30,000

OR

(1) अल्पकालीन वित्तीय नियोजन के लिए उपयोगी

(Useful for Short-term Financial Planning):

रोकड़ प्रवाह विवरण फर्म की अल्पकालीन वित्तीय आवश्यकताओं के लिए योजना बनाने के लिए सूचनाएँ प्रदान करता है। क्योंकि यह किसी अवधि के रोकड़ के स्रोतों और उपयोगों के विषय में सूचनाएँ प्रदान करता है अत:

प्रबन्ध के लिए यह अनुमान लगाना आसान हो जाता है कि क्या उनके पास दिन-प्रतिदिन के व्ययों का भुगतान करने और लेनदारों को समय पर भुगतान करने के लिए पर्याप्त रोकड़ उपलब्ध रहेगी; क्या उनके पास दीर्घ-कालीन ऋणों और इन पर ब्याज के भुगतान के लिए पर्याप्त रोकड़ होगी तथा उनके पास स्थाई सम्पत्तियाँ क्रय करने के लिए पर्याप्त रोकड़ उपलब्ध हो सकेगी या नहीं।

Cash Flow Statement provides information for planning the short-term financial requirements of the firm. Because it provides information about sources and uses of cash for a period, it becomes easy for management to estimate whether they will have sufficient cash to pay day-to-day expenses and make timely payments to creditors; whether they will have sufficient cash to pay long-term loans and interest thereon; and whether they will have sufficient cash to purchase fixed assets or not.

(2) रोकड़ बजट तैयार करने में उपयोगी

(Useful in Preparing the Cash Budget):

भविष्य की अवधि के लिए तैयार किया गया रोकड़ प्रवाह विवरण रोकड़ बजट तैयार करने में सहायक होता है। यह प्रबन्धकों को आधिक्य अथवा अल्प रोकड़ अवधियों के विषय में सूचना देता है अर्थात् किन महीनों में रोकड़ की प्राप्तियाँ रोकड़ के भुगतानों से अधिक होंगी और किन महीनों में रोकड़ के भुगतान प्राप्तियों से अधिक होंगे। इससे प्रबन्धकों को आधिक्य (Surplus) रोकड़ को अल्प-कालीन विनियोगों में विनियोग करने के लिए योजना बनाने में और अल्प (deficit) रोकड़ अवधियों में अल्प-कालीन साख की व्यवस्था करने में सहायता मिलती है।

Cash Flow Statement prepared for future periods helps in preparing the cash budget. It informs managers about periods of surplus or deficit cash i.e. in which months cash receipts will exceed cash payments and in which months cash payments will exceed receipts. This helps managers plan to invest surplus cash in short-term investments and arrange short-term credit during deficit cash periods.

(3) रोकड़ बजट से तुलना

(Comparison with the Cash Budget):

रोकड़ बजट वर्ष के आरम्भ में तैयार किया जाता है जबकि रोकड़ प्रवाह विवरण वर्ष के अन्त में तैयार किया जाता है। इन दोनों की तुलना करके यह ज्ञात किया जा सकता है कि किस सीमा तक व्यवसाय के वित्तीय

साधनों को योजना के अनुसार प्राप्त एवं प्रयुक्त किया गया है। इन दोनों विवरणों की संख्याओं में अन्तर के कारणों का विश्लेषण किया जा सकता है और उचित सुधारात्मक उपाय किए जा सकते हैं।

Cash Budget is prepared at the beginning of the year while Cash Flow Statement is prepared at the end of the year. By comparing both, it can be ascertained to what extent the financial resources of the business have been received and used as per the plan. Reasons for differences in the figures of these two statements can be analysed and proper corrective measures can be taken.

(4) रोकड़ प्राप्ति एवं भुगतान की प्रवृत्ति का अध्ययन

(Study of the Trend of Cash Receipts and Payments):

इस विवरण से यह पता लगता है कि व्यापारिक प्राप्यों (Trade Receivables), स्टॉक (Inventory) एवं अन्य चालू सम्पत्तियों से रोकड़ किस गति से प्राप्त हो रही है तथा चालू दायित्वों को भुगतान करने की गति (प्रवृत्ति) क्या है जिससे भविष्य के बारे में रोकड़ की स्थिति का सही अनुमान लगाया जा सकता है।

This statement shows the speed at which cash is being received from Trade Receivables, Inventory and other current assets and the trend of paying current liabilities, which helps in correctly estimating the future cash position.

(5) यह आय से रोकड़ की भिन्नता की व्याख्या करता है

(It Explains the Deviations of Cash from Earnings):

एक फर्म में बहुत अधिक लाभ होने पर भी इसे रोकड़ की तंगी हो सकती है अथवा हानि होने पर भी इसके पास पर्याप्त मात्रा में रोकड़ शेष हो सकता है। रोकड़ प्रवाह विवरण इसके कारणों की व्याख्या करता है।

A firm may face cash crunch even when it has huge profits, or it may have sufficient cash balance even when incurring losses. The Cash Flow Statement explains the reasons for this.

(6) विभिन्न क्रियाओं से अलग-अलग रोकड़ प्रवाह ज्ञात करने में सहायक

(Helpful in Ascertaining Cash Flow from various Activities Separately):

रोकड़ प्रवाह विवरण का उद्देश्य संचालन, विनियोग और वित्तीय क्रियाओं से अलग-अलग रोकड़ प्रवाह ज्ञात करना है। यह सूचित करता है कि इन क्रियाओं से कितनी-कितनी रोकड़ प्राप्त हुई अथवा इनमें कितनी-कितनी रोकड़ प्रयुक्त की गई।

The objective of Cash Flow Statement is to ascertain cash flow separately from operating, investing and financing activities. It informs how much cash was generated or used in each of these activities.

(7) लाभांश संबंधी निर्णय लेने में सहायक

(Helpful in Making Dividend Decisions):

लाभांश की घोषणा होने के बाद 5 दिन के अन्दर घोषित लाभांश की राशि को बैंक में एक अलग से खोले गए Dividend Bank A/c में हस्तांतरित करना आवश्यक है। अत: प्रबन्धक यह ज्ञात करने के लिए रोकड़ प्रवाह विवरण की सहायता लेते हैं कि लाभांश भुगतान के लिए संचालन क्रियाओं से कितना रोकड़ प्राप्त हो सकेगा।

After declaration of dividend, the declared amount must be transferred to a separate Dividend Bank A/c within 5 days. Therefore, managers use the Cash Flow Statement to know how much cash will be generated from operating activities for dividend payment.

(8) प्रबंधकीय निर्णयों की जाँच

(Test for the Managerial Decisions):

यह एक सामान्य नियम है कि स्थाई सम्पत्तियों का क्रय दीर्घकालीन साधनों जैसे कि अंश एवं ऋणपत्र निर्गमन, दीर्घकालीन ऋणों आदि से किया जाए और इनका भुगतान संचालन संबंधी क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह द्वारा किया जाए। रोकड़ प्रवाह विवरण यह प्रदर्शित करता है कि प्रबंध द्वारा इस नीति का उचित प्रकार से पालन किया गया है या नहीं।

It is a general rule that fixed assets should be purchased from long-term sources like issue of shares and debentures, long-term loans etc. and their payment should be made through cash flow from operating activities. Cash Flow Statement shows whether management has properly followed this policy or not.

(9) बाह्य पक्षों के लिए उपयोगी

(Useful to Outsiders):

रोकड़ प्रवाह विवरण से विनियोजकों, ऋणपत्रधारियों, बैंकरों, ऋणदाताओं, उधार प्रदान करने वालों आदि को संस्था की वित्तीय स्थिति के विश्लेषण में सहायता प्राप्त होती है और इस विश्लेषण के आधार पर वह उचित निर्णय ले सकते हैं।

Cash Flow Statement helps investors, debenture holders, bankers, creditors, lenders etc. in analysing the financial position of the organisation and they can take appropriate decisions based on this analysis.